
सप्तम राज्य वित्त आयोग, बिहार, पटना

# निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता





## 1 निबंध प्रतियोगिता

विषयः- पंचायती राज और जमीनी स्तर का विकास

भाषाः- हिन्दी अथवा अंग्रेजी

शब्द सीमाः- 4000-6000

प्रथम पुरस्कार ₹50,000/-

द्वितीय पुरस्कार ₹25,000/-

तृतीय पुरस्कार ₹15,000/-



## 2 चित्रकला प्रतियोगिता

विषय :- मेरे गाँव में पंचायती राज

माध्यमः- कागज/कैनवास (A3आकार)

चित्रकलाः-Acrylic Painting Art (एक्रिलिक पेंटिग विधा)

प्रथम पुरस्कार ₹50,000/-

द्वितीय पुरस्कार ₹25,000/-

तृतीय पुरस्कार ₹15,000/-

## सामान्य निर्देशः-

- उम्र सीमाः- (i) निबंध प्रतियोगिता के लिए कोई आयु सीमा नहीं है।
  (ii) चित्रकला प्रतियोगिता के लिए अधिकतम आयु सीमा 16 वर्ष है।
- निबंध की सभी प्रविष्टियाँ मौलिक होनी चाहिए।
- निबंध/चित्रकला में प्रति प्रतिभागी एक ही प्रविष्टि मान्य होगी।
- निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता हेतु पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि 30.11.2025 को दिनांक 31.01.2026 तक विस्तारित किया जाता है।
- निबंधित डाक के द्वारा अच्छी तरह से बंद लिफाफे में भेजे गए निबंध अथवा पेंटिंग (Panting) को ही स्वीकार किया जाएगा। बंद लिफाफे के ऊपर प्रतिभागी का नाम, पूरा पता, मोबाईल नम्बर तथा ईमेल यदि कोई हो तो लिखा जाना अनिवार्य है।
- निबंध/पेंटिंग के साथ प्रतिभागी को अलग से एक पृष्ठ पर अपना नाम, उम्र, एवं पूरा पता, मोबाईल नम्बर तथा ईमेल (यदि हो तो) लिखकर निबंध/पेंटिंग के साथ भी भेजना होगा। इसके अतिरिक्त इस पृष्ठ पर कुछ भी नहीं लिखा जाएगा।
- निबंधित डाक निम्नांकित पता पर भेजेंः **सप्तम राज्य वित्त आयोग, वित्त भवन, गर्दनीबाग, बिहार, पटना, पिन-800001**
- प्रतिभागी के द्वारा आधार की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- लिखे गए निबंध के पृष्ठों पर किसी प्रकार का निशान अथवा अन्य चिन्ह जिससे प्रतिभागी की पहचान हो सके नहीं लगाया जाएगा।
- निबंध में ऐसी कोई बात नहीं लिखी जाएगी अथवा पेंटिंग मे ऐसा कुछ भी चित्रित नहीं किया जाएगा जिससे किसी की राजनीतिक, धार्मिक अथवा सांस्कृतिक भावना को ठेस पहुंचती हो।
- काले अथवा नीली स्याही में लिखे गए निबंध ही स्वीकार किए जाएंगे।
- निबंधित डाक के माध्यम से भेजे गए निबंध/पेंटिंग की प्राप्ति की सूचना प्रतिभागी के मोबाइल पर व्हाट्सएप के द्वारा दी जाएगी।
- प्राप्त निबंधों/पेंटिंग पर राज्य वित्त आयोग का अधिकार रहेगा। राज्य वित्त आयोग के द्वारा निबंधों/पेंटिंग के प्रकाशित किए जाने अथवा किसी अन्य वैधिक रूप से उपयोग किए जाने की स्थिति में संबंधित प्रतिभागी का नाम एवं पूरा पता भी साथ में प्रकाशित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संबंधित प्रतिभागी का अन्य किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
- निर्णायकों की समिति का निर्णय/अंक अंतिम होगा।
- निर्णायकों की समिति के द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर तैयार की गई मेधा सूची को आयोग के वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा तथा आयोग के द्वारा निर्धारित तिथि को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कार दिया जाएगा तथा अन्य प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र निबंधित डाक के द्वारा भेजा जाएगा।